Bihar Board Class 10, 2026 Hindi Question Paper

Time Allowed :3 Hours	Maximum Marks :100	Total Questions :29

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

1. परीक्षा के 15 मिनट छात्रों का प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
3. यह प्रश्न-पत्र दो खंडों – खंड 'अ' तथा खंड 'ब' में विभाजित है ।
4. खंड 'अ' के बहुविकल्पीय प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है । बहुविकल्पीय प्रश्नों हेतु नकारात्मक अंक की व्यवस्था नहीं है । अत: सभी प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास कीजिए ।
5. ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर देने के प्रयास संबंधित गोलों को काटे नहीं तथा इरेजर एवं हाइटलाइटर का प्रयोग न करें ।
6. प्रत्येक प्रश्न के समुच्य उनके निर्धारित अंक दिये गये हैं ।
7. खंड 'ब' के प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार लिखने का प्रयास कीजिए जो प्रश्न नहीं आता हो उस पर समय नष्ट मत कीजिए ।
8. वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर देते समय सुंदर, स्पष्ट एवं पठनीय लेखन पर विशेष ध्यान दीजिए ।

---

1. 'भारतमाता' शीर्षक पाठ के रचनाकार हैं –

(A) वीरेन डंगवाल
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) कुँवर नारायण
(D) रेनर मारिया रिल्के

---

2. 'कुलश्रेष्ठ' किस तत्पुरुष समास का उदाहरण है ?

(A) सम्बंध
(B) अधिकरण
(C) सम्प्रदान
(D) कर्म

---

3. 'चन्द्रशेखर' किस समास का उदाहरण है ?

(A) बहुव्रीहि
(B) अव्ययीभाव
(C) द्विगु
(D) नञ्

---

4. 'गायबैल' किस समास का उदाहरण है ?

(A) द्विगु
(B) कर्मधारय
(C) द्वंद्व
(D) अव्ययीभाव

---

5. 'बाजार' विशेष्य का विशेषण है –

(A) बोझिल
(B) बरसाती
(C) बादामी
(D) बाजारू

---

6. नलिन विलोचन शर्मा की माता का नाम क्या था ?

(A) प्रभावती शर्मा
(B) लीलावती शर्मा
(C) रत्नावती शर्मा
(D) दुर्गावती शर्मा

---

7. 'वह आदमी नया गरम कोट पहिनकर चला गया विचार की तरह' कविता संग्रह के कवि हैं –

(A) विनोद कुमार शुक्ल
(B) यतीन्द्र मिश्र
(C) अशोक वाजपेयी

(D) रामविलास शर्मा

---

8. 'अंकिता अपने आप जा रही है' – यह वाक्य किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक का
(B) अनिश्चयवाचक का
(C) निजवाचक का
(D) सम्बंधवाचक का

---

9. 'मेरे लिए यह घर अनजान नहीं है' – इस वाक्य में 'यह' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक का
(B) अनिश्चयवाचक का
(C) सम्बंधवाचक का
(D) प्रश्नवाचक का

---

10. 'आनन्द' का पर्यायवाची शब्द है –

(A) प्रमोद
(B) कानन
(C) सरोज
(D) मदन

---

11. कविताओं की चर्चित शृंखला 'कवि ने कहा' से निम्न में कौन शीर्षक कविता ली गई है ?

(A) भारतमाता
(B) स्वदेशी
(C) हिरोशिमा
(D) अक्षर-ज्ञान

---

12. 'सहजात वृत्ति' का अर्थ है –

(A) जिसका शेष भी न बचे
(B) असत्य आचरण
(C) अपने को संतुष्ट करना
(D) जन्म के साथ पैदा होने वाली वृत्ति या स्वभाव

---

13. 'आद्यलेख' का अर्थ है –

(A) अत्यंत प्राचीन प्रारंभिक लेख
(B) हाथ की लिखावट
(C) पहचान, सत्ता
(D) ध्वनियों के लिखित चिह्न

---

14. 'उर्वशी' के रचनाकार हैं –

(A) कुँवर नारायण
(B) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(C) वीरेन डंगवाल
(D) जीवनानंद दास

---

15. सारस पक्षी को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?

(A) भांडीकी
(B) तीतर
(C) क्रौंच
(D) कबूतर

---

16. 'लौटकर आऊँगा फिर' शीर्षक पाठ के रचनाकार हैं –

(A) जीवनानंद दास
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) प्रेमघन
(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

---

17. 'शिक्षा और संस्कृति' शीर्षक पाठ के रचनाकार हैं –

(A) यतीन्द्र मिश्र
(B) महात्मा गांधी
(C) अशोक वाजपेयी
(D) अमरकांत

---

18. 'बहादुर' शीर्षक पाठ की विधा है –

(A) कहानी
(B) निबंध
(C) कविता
(D) साक्षात्कार